इस प्रश्न-पत्र में **31** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | |

**कोड नं. 36/HS/3—A**

# हिंदी

# (201)

परीक्षा का दिन व दिनांक ..........................................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ..........................................

2. ..........................................

**सामान्य अनुदेश :—**

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि पुस्तिका के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पुस्तिका की कोड संख्या 36/HS/3—A लिखें ।

P.T.O.

# हिंदी
# (201)

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 100**

**निर्देश** :– (1) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(2) **सभी** प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर दीजिए ।

(3) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिए गए हैं ।

(4) निम्नलिखित प्रश्नों (प्रश्न सं. 1 से 11 तक) के चार-चार विकल्प (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं । इनमें से सही उत्तर वाला विकल्प अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये ।

**1.** अंबर पनघट में डुबो रही –
तारा-घट ऊषा-नागरी ।

उपर्युक्त पंक्तियों के रेखांकित अंश में कौनसा अलंकार है ? 1

(A) रूपक (B) यमक

(C) अनुप्रास (D) पुनरुक्तिप्रकाश

**2.** ऊँचे कुल का जनमिया, करनी ऊँच न होय ।
सुबरन कलस सुरा-भरा, साधू निंदै सोइ ।।

उपर्युक्त दोहे के आधार पर बताइये कि आदमी की पहचान किससे होती है ? 1

(A) उसकी जाति से (B) उसके आचरण से

(C) उसके खानदान से (D) उसकी संपत्ति से

**3.** 'है उदधि गरजता बार-बार'–निम्नलिखित में से कौनसा शब्द 'उदधि' का पर्याय **नहीं** है ? 1

(A) सागर (B) जलधि

(C) मेघ (D) सिंधु

4. 'मैंने उसको गोली-जैसा चलते देखा' पंक्ति का आशय है : 1

(A) दूसरों की रक्षा के लिए हमला करना
(B) अपनी रक्षा में गोली चलाना
(C) अपने सम्मान की रक्षा के लिए आक्रामक होना
(D) अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करना

5. 'धूपबत्ती बुझी जली' कहानी में पठान यात्री लेखक को ट्रेन से बाहर नहीं रोक सका, क्योंकि : 1

(A) वह पठान से अधिक बलवान था
(B) वह पठान का आदर करता था
(C) उसकी विनम्रता से पठान प्रभावित हुआ
(D) उसे पठान चाहता था

6. किरण बेदी द्वारा असहाय बच्चों तथा कैदियों के लिए काम करने वाली स्वयं-सेवी संस्था का नाम है : 1

(A) इंडिया फॉर एवर
(B) इंडिया टुडे
(C) इंडिया विज़न
(D) इंडिया लाइव

7. निर्मला ने बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना इसलिए बंद कर दिया, क्योंकि : 1

(A) वह आलसी हो गई थी
(B) उसे मुहल्ले की किसी औरत ने समझा दिया था
(C) वह मालकिन होने का रोब दिखाना चाहती थी
(D) उसके मन में ममता न थी

8. 'सरकारी मकान' कहानी की सुमित्रा अपनी आजीविका कैसे चलाती थी ? 1

(A) चौका-बर्तन करके
(B) खेती-बाड़ी करके
(C) सिलाई करके
(D) लोगों के बच्चों की देख-रेख करके

9. सार-लेखन में निम्नलिखित में से किसका ज्ञान होना सबसे उपयोगी है ? 1

(A) पर्यायवाची शब्द का
(B) विपरीतार्थक शब्द का
(C) अनेकार्थी शब्द का
(D) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का

10. अखबार के संपादकीय में समाचारों पर संपादक की टिप्पणी के साथ ही : 1

(A) विज्ञापन होते हैं
(B) फोटो व व्यंग्य चित्र होते हैं
(C) पाठकों की प्रतिक्रियाएँ होती हैं
(D) व्यापार और पर्यटन की सूचना होती है

11. "इस वृद्धावस्था में धन, बल और पौरुष तो चला गया, अब तो केवल बेटा ही <u>एकमात्र सहारा है</u> ।"

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित अंश के लिए सबसे उपयुक्त मुहावरा है : 1

(A) अँधेरे घर का चिराग है
(B) अँधे की लाठी है
(C) आँख का तारा है
(D) कलेजे का टुकड़ा है

12. 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है ? 1

13. 'आज मैं बीज हूँ' कविता में 'गर्क हूँ धरती की जादुई कोख में' का आशय स्पष्ट कीजिये । 1

14. 'बहुत दिनों के बाद' कविता में कवि ने किन सुखों को भोगने का वर्णन किया है तथा उनसे उसकी कौन-कौनसी इंद्रियाँ तृप्त होती हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये । 5

15. 'जैसे कोई और हो'—व्यंग्य रचना में बस कंडक्टर ने कौन-कौनसी भूमिकाएँ किस प्रकार निभाईं ? 5

16. 'ठेले पर हिमालय' पाठ के आधार पर बताएँ कि पुराने साधक हिमालय पर क्यों जाते थे ? 1

17. त्वचा को देह रूपी दुर्ग की बाहरी दीवार क्यों कहा है ? 'अपना-पराया' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिये । 1

18. (क) भाषा के दोनों रूपों के नाम लिखिये । 1
(ख) भारत संघ की राजभाषा और उसकी लिपि का नाम लिखिये । 1

19. औपचारिक पत्रों में संक्षिप्तता क्यों आवश्यक है ? 1

20. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का संधि-विच्छेद कीजिये : 2
योगेश, विरहाकुल, देवर्षि ।
(ख) 'उप' तथा 'प्र' उपसर्ग जोड़कर प्रत्येक से **दो-दो** शब्द बनाइये । 2
(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के **एक-एक** पर्यायवाची शब्द लिखिये : 2
इच्छा, कमल, मित्र ।

21. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** मुहावरों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिये कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 2
(*i*) आग बबूला होना,
(*ii*) चिकना घड़ा,
(*iii*) सिर आँखों पर उठाना ।

22. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिये : 5
(क) आज वहाँ राधा ने जाना है ।
(ख) कृपया दो दिन का अवकाश देने की कृपा करें ।
(ग) रोगी की दिशा ठीक नहीं है ।
(घ) तुम मेरे मित्र हो और मैं आपको खूब जानता हूँ ।
(ङ) एक गीतों की पुस्तक चाहिए ।

23. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** जोड़ों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिये कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ : 4
(*i*) मद—मत
(*ii*) हल—हाल
(*iii*) नशा—निशा ।

24. आपके नगर में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति पर किसी दैनिक-पत्र के संपादक को पत्र लिखिये । 7

**अथवा**

अपनी दिनचर्या का वर्णन करते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिये ।

25. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिये : 10

(क) भारतीय गाँवों में बदलता जीवन

(ख) मेरी प्रथम रेल यात्रा

(ग) हमारे पर्व

(घ) पुस्तक मेला ।

26. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने विचार 50-60 शब्दों में लिखिये : 5

(*i*) महँगी होती—'दाल-रोटी'

(*ii*) मेरा प्रिय शौक

(*iii*) सुबह की सैर

(*iv*) सनसनी फैलाते संचार माध्यम ।

27. फलों की एक टोकरी में 4 दर्जन केले, दो किलो सेब, $3\frac{1}{2}$ किलो चीकू तथा 2 किलो अनार रखे हैं, जिनका मूल्य क्रमश: 20 रु. दर्जन; 35 रु. किलो, 20 रु. किलो तथा 30 रु. किलो है । टोकरी में रखे इन फलों की एक रसीद तैयार कीजिये । 5

28. अंग्रेजी विषय की परीक्षा के स्थान पर आप गणित के पर्चे की तैयारी कर रहे थे । परीक्षा से दो दिन पहले डेट शीट देखने पर आपको अपनी गलती का एहसास हुआ । अपनी मन:स्थिति का उल्लेख कीजिये । 4

29. आपके मुहल्ले में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए एक गोष्ठी आयोजित हो रही है । इस गोष्ठी में आप क्या सुझाव देंगे, अपने विचार लिखिये ? 5

**अथवा**

छात्रों द्वारा आयोजित 'रक्तदान शिविर' में रक्तदाताओं द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र में आप क्या-क्या जानकारी चाहेंगे ? लिखिये ।

30. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

पर्वत कहता शीश उठाकर तुम भी ऊँचे बन जाओ,
सागर कहता है लहराकर मन में गहराई लाओ ।
समझ रहे हो क्या कहती है, उठ-उठ, गिर-गिर तरल तरंग
भर लो, भर लो अपने मन में, मीठी-मीठी मृदुल उमंग ।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो, कितना ही सिर पर हो भार,
नभ कहता है फैलो इतना, ढँक लो तुम सारा संसार ।

**प्रश्न :**

(*i*) 'मन में गहराई लाओ' का संदेश देकर सागर हमसे क्या कहता है ? 2

(*ii*) पृथ्वी और आकाश हमें क्या शिक्षा दे रहे हैं ? 2

(*iii*) उठ-उठ, गिर-गिर <u>तरल-तरंग</u>– में रेखांकित अंश में कौनसा अलंकार है ? 1

(A) श्लेष
(B) मानवीकरण
(C) अनुप्रास
(D) उपमा

(*iv*) पर्वत क्या कहता है ? 1

(A) ऊँचे उठो, महान बनो
(B) गर्व करो
(C) आकाश को छुओ
(D) दृढ़ बनो

31. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये :

आज मीडिया में विज्ञापनों की भरमार है । समाचारपत्र-पत्रिकाओं का प्रिंट माध्यम हो या रेडियो-दूरदर्शन का इलैक्ट्रॉनिक माध्यम, सभी में विज्ञापन विविध जानकारियाँ देते हैं । जनसाधारण की भलाई के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के कुछ ऐसे विज्ञापन दिये जाते हैं जिनका लक्ष्य अच्छी सरकार, सामुदायिक विकास, वैज्ञानिक सफलताएँ, शिक्षा-सुधार, सार्वजनिक स्वास्थ्य, वन्य प्राणी रक्षा, यातायात-सुरक्षा तथा धार्मिक एकता को बनाये रखना होता है । इसके अतिरिक्त इनसे बाज़ारों में उपभोक्ता को उत्पादित वस्तुओं के चयन

में सहायता मिलती है । कृषि के क्षेत्र में किसानों को कीटनाशक औषधियाँ और उनका प्रयोग, परिवार नियोजन, टीकाकरण, पशुपालन, रोज़गार आदि की विविध जानकारी विज्ञापनों से मिल सकती है । समाज-कल्याण संबंधी संस्थाओं के विज्ञापनों का मुख्य लक्ष्य, जनता में विवेकशीलता उत्पन्न करना, उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाना, उनका सांस्कृतिक, बौद्धिक तथा आध्यात्मिक विकास करना आदि रहा है । आधुनिक युग में विज्ञापन जीवन का अभिन्न अंग बन गया है । उपभोक्ता को शिक्षित करना, उत्पादक को लाभ पहुँचाना, विक्रेता की सहायता करना, उत्पादक और उपभोक्ता के बीच मधुर संबंध स्थापित करना और लोक सेवा करना विज्ञापन के प्रमुख कार्य हैं । इस प्रकार आज हमारा सम्पूर्ण जीवन विज्ञापनमय हो गया है ।

**प्रश्न :**

(*i*) सरकारी संस्थाओं के विज्ञापनों का मुख्य लक्ष्य क्या होता है ? 2

(*ii*) विज्ञापन हमें किन माध्यमों से प्राप्त होते हैं ? 2

(*iii*) सामान्य रूप से विज्ञापनों का क्या कार्य होता है ? 2

(*iv*) उपर्युक्त गद्यांश का सार लिखिये । 2

(*v*) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिये । 1

(*vi*) विज्ञापन किसान की किस प्रकार से मदद करते हैं ? 1

(*vii*) वर्तमान समय में उपभोक्ता पर विज्ञापनों का क्या प्रभाव पड़ रहा है ? 1

(*viii*) 'मीडिया' (माध्यम) के अंतर्गत क्या **नहीं** आता (सही विकल्प चुनिए) : 1

(A) समाचारपत्र-पत्रिकाएँ

(B) आकाशवाणी और एफ. एम. चैनल

(C) दूरदर्शन और अन्य टी. वी. चैनल

(D) पाठ्य-पुस्तकें ।

(*ix*) 'सामुदायिक विकास' संबंधी विज्ञापन में महत्व **नहीं** रखता : 1

(A) पुस्तकालय

(B) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

(C) पानी की व्यवस्था

(D) गृह कल्याण केंद्र ।